REACHOUT
Public Relations

# PRESS CLIPS

| Publication | Date | Page No | Edition | Position | Language |
|---|---|---|---|---|---|
| Yeshobhumi (Just Pune) | 24 Nov, 2016 | 04 | Pune | Center Right | Hindi |

## लीला पूनावाला फाउंडेशन से 825 छात्राओं को छात्रवृत्ति

**पुणे,** लीला पूनावाला फाऊंडेशन की ओर से ग्रेजुएशन और पोस्ट ग्रेजुएशन की पढ़ाई कर रही पुणे जिले की 825 गरीब छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रदान की गई। पुणे के अल्प बचत भवन में एसजी बर्वे हॉल में, अल्प बचत भवन में एकोल सॉलिटेयर के कॉर्पोरेट ट्रेनर, फाउंडर, डायरेक्टर मिनोचेर पटेल और फाऊंडेशन अध्यक्षा पद्मश्री लीला पूनावाला के हाथों यह छात्रवृत्ति दी गई।

दो दिवसीय कार्यक्रम में साइंस, इंजीनियरिंग में सेकंड व फोर्थ इयर, फार्मसी, डिप्लोमा इन इंजीनियरिंग, नर्सिंग और पोस्ट ग्रेजुएशन की पढाई के लिए 825 छात्राओं को यह छात्रवृत्ति प्रदान की गई। पिछले 20 सालों में कुल 5500 गरीब छात्राओं ने लीला पूनावाला फऊंडेशन की इस छात्रवृत्ति योजना का लाभ उठाया है। मुख्य अतिथि मिनोचेर पटेल ने छात्राओं से अपनी पढाई को महत्व देते हुए समाज की बेड़ियों को तोड़कर आर्थिक और मानसिक रूप से सशक्त बनने की अपील की।

लीला पूनावाला फाऊंडेशन की ओर से छात्रवृत्ति प्रदान करते मिनोचेर पटेल व पद्मश्री लीला पूनावाला।

इस मौके पर पद्मश्री लीला पूनावाला ने कहा, मेरी 5500 लड़कियां 15 साल तक भी काम करेंगी, तो वह भारत की अर्थव्यवस्था में 2500 करोड़ रुपयों का योगदान कर सकती हैं। उन्होंने फाऊंडेशन के राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय सहयोगियों का आभार माना। इसके साथ ही आईकिइए फाऊंडेशन के प्रोजेक्ट मैनेजर पैट्रीक वोबोनॉय और प्रोग्राम कंट्रोलर निखिल कौशल के विशेष आभार व्यक्त किए। इस मौके पर छात्रवृत्ति योजना का लाभ पानेवाली छात्राएं और उनके अभिभावक भारी संख्या में मौजूद थे।